# मध्यप्रदेश शासन
## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

क्रमांक/पं.रा./एफ-1- /2023/ 18841 भोपाल, दिनांक 21.06.2023

प्रति,

1. कलेक्टर,
   जिला समस्त, म0प्र0

2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
   जिला पंचायत-समस्त, म0प्र0

**विषयः- दिनांक 27 जून 2023, "आयुष्मान ग्राम सभा" बाबत।**

-0-

विषयान्तर्गत 27 जून 2023 को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाना है, उल्लेखित ग्राम सभाओं में निम्नानुसार गतिविधियां संपादित की जायेगी :-

1. कार्यक्रम के एक दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 26 जून 2023 को ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा स्थानीय नागरिकों को आयुष्मान ग्राम सभा में उपस्थित होने हेतु घर-घर जाकर आमंत्रित किया जायेगा ।
2. आयुष्मान ग्राम सभाओं/ कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान योजना से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री/ बेनर निर्धारित प्रारूप में प्रदर्शित किये जायेंगे
3. दिनांक 27 जून 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में माननीय प्रधानमंत्री जी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वेब कास्ट किया जायेगा । इस हेतु टेलीविजन की व्यवस्था के साथ उचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. आदिवासी विकास खण्डों में उक्त निर्धारित कार्यक्रम पंचायत भवन के स्थान पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर आयोजित किया जायेगा ।
5. ग्राम सभाओं में आयुष्मान भारत योजना के सभी हितग्राहियों के नामों का वाचन किया जायेगा ।

21/06/2023

6. जन प्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी जायेगी एवं हितग्राहियों को पी.वी.सी. कार्ड वितरण किये जायेंगे ।
7. योजनातंर्गत लाभांवित हितग्राहियों द्वारा मंच से अपने अनुभव साझा किये जायेंगे।
8. PVC कार्ड वितरण करते समय e-KYC किया जाना अनिवार्य है । e-KYC का कार्य ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा किया जायेगा ।
9. ग्राम पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर आयुष्मान भारत के सभी हितग्राहियों के नाम की सूची चस्पा की जायेगी।
10. आयुष्मान ग्राम सभाओं / कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात कार्यक्रम के फोटो/ वीडियो ई-मेल द्वारा आयुष्मान भारत कार्यालय को (https://ayushmanbharat .mp.gov.in/) पर प्रेषित किये जायेंगे ।

मलय 21/06/2023

**(मलय श्रीवास्तव)**
**अपर मुख्य सचिव**
**म0प्र0 शासन**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**

पृ. क्रमांक/पं.रा./एफ-1- 803 /2023/18842
भोपाल, दिनांक 21.06.2023

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. सचिव, समन्वय, मुख्य सचिव कार्यालय, म.प्र. शासन, मंत्रालय भोपाल।
3. विशेष सहायक, मान. मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
4. विशेष सहायक, समस्त मंत्रीगण/राज्य मंत्रीगण, मध्यप्रदेश शासन भोपाल।
5. समस्त अध्यक्ष, जिला पंचायत/जनपद पंचायत मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ।

---

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन (समस्त विभाग) मंत्रालय, भोपाल।

2. आयुक्त, मनरेगा परिषद भोपाल मध्यप्रदेश।
3. समस्त, संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
4. राज्य कार्यक्रम अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, सतपुडा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।
5. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - समस्त, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बावत्।

1. आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश तथा प्रबंध निदेशक, माध्यम/पंचायिका की ओर प्रकाशनार्थ।
2. जन संपर्क अधिकारी, मान. मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल की ओर समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
3. संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मलय 21/06/2023

**अपर मुख्य सचिव**
**म0प्र0 शासन**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**